# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर

Email-dfobag-forest-uk.nic.in/ dfo_bageshwar@rediffmail.com
दूरभाष एवं फैक्स नं0: 05963-220249वन मित्र काल सेटरं– 9208008000

पत्रांक 4480 / 12-1-2 बागेश्वर दिनांक : 17 / 05 / 2021

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊ वृत्त,
उत्तराखण्ड अल्मोड़ा।

विषय – **जनपद बागेश्वर अन्तर्गत बालीघाट धरमघर मोटर मार्ग के खन्तोली पुल से गुरगुच्चा प्राइमरी पाठशाल तक मोटर मार्ग का निर्माण के सम्बन्ध में (प्रस्ताव संख्या–12710 / 2015)**

सन्दर्भ– **ऑन लाईन आपत्ति के कम में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी देहरादून द्वारा उक्त प्रस्ताव में जो आपत्तिया लगायी गयी है प्रस्तावक विभाग द्वारा निराकरण कर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| बिन्दु स0 1 | राज्य सरकार अनुपालन आख्या प्रेषित करने में बिलम्ब होने का विस्तृत कारण प्रस्तुत करें एवं साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि कार्यक्षेत्र, उद्देश्य एवं अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं के संन्दर्भ में प्रस्ताव में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त मार्गदर्शी के पैरा 1.20 के तहत आवश्यक प्रमाण पत्र सहित प्रस्ताव प्रस्तुत करें। | उक्त बिन्दु पर प्रस्तावक द्वारा अवगत कराया गया है, कि प्रस्ताव में तकनीकी कारण से प्रस्ताव नहीं खुल पा रहा था। आई0टी0सैल दिल्ली से सम्र्पक किया गया उनके द्वारा प्रस्ताव को ठीक किया गया। जिस कारण प्रस्ताव राज्य सरकार को प्रेषित करने की विलम्ब हुआ। मार्गदर्शी के पैरा 1.20 के अनुसार कार्यवाही की गई है। कार्यक्षेत्र उद्देश्य एवं अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। |
| 2 | राज्य सरकार लाभान्वित होने वाले ग्राम की स्थिति एवं उपलब्ध Road network को KML file पर अंकित कर कार्यालय की ई–मेल पर प्रेषित करे। | प्रस्तावक द्वारा अवगत कराया गया है, कि Road network को KML file पर अंकित कर दिया गया है। |
| 3 | प्रकरण में चर्चा हेतु दि0 23.12.2020 को प्रातः 11 बजे बैठक का आयोजन किया गया है। अतः आपसे अनुरोध है कि सम्बन्धित वन मण्डल अधिकारी तथा प्रयोक्ता अभिकरण को इस हेतु सूचित करे। | प्रस्तावक द्वारा अवगत कराया गया है, कि दिनांक 23.12. 2020 को प्रातः 11 बजे बैठक में सहायक अभियन्ता एवं कनष्ठि अभियन्ता द्वारा भारत सरकार क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून में प्रतिभाग किया गया था। |
| 4 | पूर्व में चाही गई सूचनाओं के अधार पर अब राज्य सरकार द्वारा alternate परीक्षण पर पार्ट–1 para D पर सूचनार्थ प्रस्तुत की गयी है साथ ही के0एम0एल0 फाईल पर भी परीक्षण से यह ज्ञात होता कि मार्ग के अन्तः बिन्दु पर प्राथमिक पाठशाला है जहॉ तक मार्ग को ले जाया जा रहा है किन्तु प्रस्तावित प्रारम्भिक बिन्दु जो कि existing मार्ग को किमी0 20 पर जोड़ता है के अतिरिक्त ज्यादा सुविधा जनक अन्तिम बिन्दु से existing मार्ग (बागेश्वर दोफाड़ धरमघर मार्ग) को जोड़ना ज्यादा सुविधाजनक प्रतीत होता है, जिससे पाठशाला के साथ–साथ दर्शित आबादी भी अधिक सार्थक तरीके से मुख्य मार्ग से जुड पायेगी। | प्रस्तावक द्वारा अवगत कराया गया है, कि दिनांक 23.12. 2020 को बैठक में दिये गये निर्देशानुसार दिनांक 19.01. 2021 को इस खण्ड के कनिष्ठ अभियन्ता श्री सन्तोष कुमार डिप्टी रेन्जर श्री मान सिंह कोरंगा एवं श्री दीपक भौर्याल राजस्व विभाग द्वारा मोटर मार्ग के लिए दूसरे छोर से भी संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस सम्बन्ध में कार्यस्थल पर ग्राम पलसों के ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया क्योंकि इस स्थान से ग्रामीणों की नापभूमि अधिक प्रभावित हो रही है तथा भविष्य में दुर्धटना की आशंका व्यक्त की गयी है।(ग्रामीणों के आपत्ति प्रमाण पत्र की छायाप्रति)। |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | क्योकि प्रस्ताव को अधिक समय हो गया है एवं नये गाइर्डलाइन्स के अन्तर्गत निहित प्रावधानों के अनुसार जैसा कि पी0एम0जी0एस0वाई0 मानकों में निहित है average width 5.2m आवश्यक होती है जबकि राज्य सरकार द्वारा फिलिंग 9 मी0 पर दिखाई गयी है। अतः राज्य सरकार द्वारा पातन किये जाने वाले वृक्षों की संशोधित details प्रेषित की जायें जो कि मार्ग के लिये RoW 5.2 m एवं मोड़ो पर 6.1 m हो। | प्रस्तावक द्वारा अवगत कराया गया है, कि ग्रामीणों के विवाद के कारण समरेखण में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। प्रस्ताव 9 मी0 में बनाया गया है। जबकि पेड़ों की गणना 7 मी0 में की गयी है, जिस कारण पातन किये जाने वृक्षों की संख्या में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। मार्ग निर्माण के दौरान कम से कम वृक्षों का पातन किया जायेगा। |

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर

सेवा में

श्रीमान अधिशासी अभियन्ता महोदय
लोक निर्माण विभाग कपकोट
जिला- बागेश्वर

विषय - ग्राम पंचायत पल्सों के चुचिंग मन्दिर से रा० प्रा० वि० गुरुमुना तक रोड निर्माण सर्वे बाबत।

महोदय,

सविनय निवेदन इस प्रकार है कि चुचिंग मन्दिर पल्सों से रा० प्रा० वि० गुरुमुना तक जो रोड की सर्वे की जा रही है उसके निर्माण से नीचे रह रहे बानीबगड़, चौलानी, मकर के निवासियों को अत्यधिक खतरा है। साथ ही जिस जगह से रोड की कटिंग होनी है। वह जमीन धसने वाली है जिससे मकानों को अत्यधिक खतरा होने वाला है। जिस खतरे को देखते हुए हम समस्त ग्रामवासी आपत्ति दर्ज करते हैं।

अतः महोदय से निवेदन है कि उपरोक्त स्थल से रोड को सर्वे को निरस्त किया जाए। जिससे हम सभी निवासियों के जानमाल के खतरे को टाला जा सकेगा। आवश्यक की स्थिति में हम सभी प्रभावित ग्रामवासियों को आन्दोलन का सहारा लेना पड़ेगा। जिसकी जवाबदेह विभाग की होगी।

पुष्पा देवी
प्रधान
ग्राम पंचायत पल्सों
वि०ख० एवं जिला-बागेश्वर

धन्यवाद

प्रार्थी
समस्त
ग्राम वासी ग्राम पंचायत
पल्सों

हस्ताक्षर ग्रामवासी पल्सों

(1) रघुनाथसिंह [signature]
(2) सुरेन्द्रसिंह मपोला [signature]
(3) मोहनसिंह मपोला [signature]